# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 24.09.2024

### वीडीए ने 3 अवैध निर्माण सील किए, 10 निर्माण कार्य रोका

वाराणसी। वीडीए ने सोमवार को तीन अवैध निर्माण को सील किए। साथ ही 10 निर्माण को रुकवाया और उन्हें नक्शा पास कराकर निर्माण कराने की हिदायत दी गई। वीडीए के अवर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने सोमवार को सारनाथ का निरीक्षण किया। यहां लोहिया नगर कॉलोनी, फेज-2 के दीपक गुप्ता ने नक्शा के विपरीत निर्माण कराया था। इस निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। सारनाथ वार्ड में रिंग रोड पर 10 निर्माण कार्य को रुकवाया और मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कराने कहा। उधर चौक वार्ड के गोविंदपुर कला में बादशाह अली की ओर से और सराय सिताब में इरशाद आलम की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। ब्यूरो

**नक्शा दाखिल के बाद मौके का वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण :** श्याम सुंदर की ओर से व्यावसायिक और बहु आवासीय निर्माण के लिए नक्शा दाखिल किया गया था। मौके पर निरीक्षण करने वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग पहुंचे। उन्होंने मातहतों को आवेदन के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की हिदायत दी।

## आज–दि0 24.09.2024

### चौक में निर्माणाधीन भवन सील

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को अभियंताओं ने चौक वार्ड के गोविन्द्रपुर कला में भवनस्वामी बादशाह अली के अवैध निर्माण पर कारवाई की। जानकारी के अनुसार भवन का निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृत किये बिना कराये जा रहा था। शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचे संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, जोनल अधिकारी सौरव देव प्रजापति, अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया। संयुक्त सचिव के निर्देश पर अवर अभियंता ने निकटतम थाने की अभिरक्षा में भवन को सौंप दिया।

## हिन्दुस्तान–दि0 24.09.2024

### वीडीए ने सील किए तीन अवैध निर्माण

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। चौक वार्ड में गोविंदपुरा कला, सराय खिताब में अवैध निर्माणों को सील किया गया। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने लोहियानगर कॉलोनी, गंज इलाकों में निरीक्षण किया।

## हिन्दुस्तान–दि0 24.09.2024

# वीडीए ने नहीं दी मरम्मत की अनुमति

**कर्नाटक गेस्ट हाउस**

- 1928 में मैसूर स्टेट ने कराया था निर्माण
- सरकार ने दिया था पांच करोड़ खर्च का प्रस्ताव

वाराणसी, विशेष संवाददाता। हरिश्चंद्र घाट के बगल में स्थित कर्नाटक स्टेट गेस्ट हाउस की बिल्डिंग के गिरे हिस्से का सोमवार को कर्नाटक सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग में महाप्रबंधक कृष्ण न्यायमूर्ति ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वर्षभर पहले कर्नाटक सरकार की ओर से पांच करोड़ रुपये से भवन के निर्माण व मरम्मत का प्रस्ताव तैयार हुआ था। सरकार ने फंड भी आवंटित कर दिया था। लेकिन विकास प्राधिकरण ने मरम्मत की अनुमति नहीं दी।

महाप्रबंधक ने बताया 1928 में मैसूर स्टेट की ओर से भवन का निर्माण कराया गया था। तब बिल्डिंग के उत्तर पूर्वी कोने पर बिल्डिंग निर्माण के दौरान सात फीट ऊंचा चबूतरा बनाया गया था ताकि यह भवनों को मजबूती देने के साथ बाढ़ की टक्कर से बचाएगा। पिछले दिनों हरिश्चंद्र घाट के सुंदरीकरण कार्य के लिए शुरू कार्य के दौरान ठेकेदार ने चबूतरा तोड़ दिया। उसी स्थान पर बड़ी-बड़ी मशीन चलाकर खुदाई हो रही है। इससे बिल्डिंग का हिस्सा हिल गया।

उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में रिपोर्ट कर्नाटक सरकार को भेजी गई है। मंडलायुक्त व नगर आयुक्त को भी हादसे के कारण से अवगत कराते हुए मरम्मत के लिए पत्र लिखा गया है। गिरे हिस्से के निर्माण में दो करोड़ रुपये के खर्च का प्रस्ताव है। यदि स्थानीय प्रशासन की ओर से मरम्मत नहीं करायी गई तो कर्नाटक सरकार स्वयं मरम्मत शुरू करा देगी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 24.09.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष ने सिकरौल वार्ड का किया निरीक्षण



**व्यावसायिक शमन मानचित्र आवेदन के क्रम में निरीक्षण कर दिये आवश्यक कार्रवाई के निर्देश**

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को सिकरौल वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संजय कुमार गुप्ता वार्ड सिकरौल मौजा सिकरौल परगना शिवपुर में बहु आवासीय प्राप्त शमन मानचित्र तथा श्याम सुंदर पुत्र स्व. रामजीत सिंह अराजी संख्या 282, 286, 287 वार्ड सिकरौल मौजा-सिकरौल परगना-शिवपुर द्वारा प्राप्त व्यावसायिक शमन मानचित्र आवेदन के क्रम में स्थल निरीक्षण किया एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर अवर अभियंता सिकरौल वार्ड तथा भवन स्वामी उपस्थित रहे।

## दो अवैध निर्माण किया सील

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को जोन-3 की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही की। चौक वार्ड में गोविन्दपुर कला में बादशाह अली द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था चौक वार्ड के सराय सिताब में इरशाद आलम द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे मौके पर सील कराते हुए चौक थाना की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। मौके पर संयुक्त सचिव परमानंद यादव व जोनल अधिकारी सौरभदेव प्रजापति और अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण पर लगाई रोक

**सारनाथ वार्ड में कई अवैध निर्माण सील**

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर सोमवार को अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने जोन-2 के जोनल अधिकारी, संजीव कुमार एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड-सारनाथ का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान लोहिया नगर कालोनी, फेज-2, वार्ड-सारनाथ, दीपक गुप्ता, मौजा-गंज में बेसमेंट+भूतल के स्वीकृत नक्शे के विपरीत स्थल पर व्यावसायिक उपयोग के लिए बेसमेंट भूतल के साथ ही स्वीकृति से विपरीत प्रथम तल का निर्माण किया जा रहा था। स्थल निरीक्षण के दौरान आवासीय के लिए स्वीकृत उपयोग के विरूद्ध व्यावसायिक उपयोग के लिए हॉल का निर्माण एवं शटर लगाये जाने तथा स्वीकृत के अतिरिक्त तल का निर्माण करने के कारण जोनल अधिकारी को मौके पर ही भवन सील करने के लिए निर्देशित किया गया। जोनल अधिकारी द्वारा प्रश्नगत भवन को तत्काल सील की कार्यवाही कराते हुए पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। भविष्य के लिए भी जोनल अधिकारी एवं प्रवर्तन दल को सतत निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया गया। उपरोक्त के साथ ही जोन-2 स्थित सारनाथ वार्ड में रिंग रोड के सापेक्ष अन्य गतिमान निर्माणों का भी निरीक्षण किया गया तथा गतिमान निर्माणों को रूकवाते हुए निर्माणकर्ताओं को मानचित्र स्वीकृत कराने के निर्देश दिये गये तथा जोनल अधिकारी के स्थल पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, जिससे चोरी-छिपे निर्माण न हो, निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सिंह संजीव कुमार, अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता व प्रवर्तन दल मौजूद रहे।

## न्यायाधीश–दि0 24.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण ने सील किया अवैध निर्माण



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 23-सितम्बर को विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन.3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड.चौक में गोविन्द्रपुर कला में बादशाह अली द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था चौक वार्ड के सराय सिताब में इरशाद आलम द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे मौके पर सील कराते हुए चौक थाना की अभिरक्षा मे सौंप दिया गया।इस मौके पर संयुक्त सचिव परमानन्द यादवए जोनल अधिकारी श्री सौरभदेव प्रजापति व अवर अभियंता श्री रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 24.09.2024

### अपर सचिव वीडीए ने वार्ड सारनाथ के स्थल निरीक्षण के दौरान सील किया भवन



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में अपर सचिव डा0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-2 के जोनल अधिकारी, श्री संजीव कुमार एवं प्रवर्तन दल के साथ वार्ड -सारनाथ का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान लोहिया नगर कालोनी, फेज-2,वार्ड-सारनाथ, दीपक गुप्ता, मौजा - गंज, 410 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में बेसमेण्ट्र भूतल के स्वीकृत नक्शे के विपरीत स्थल पर व्यावसायिक उपयोग हेतु बेसमेण्ट भूतल के साथ ही स्वीकृति से विपरीत प्रथम तल का निर्माण किया जा रहा था। स्थल निरीक्षण के दौरान आवासीय हेतु स्वीकृत उपयोग के विरूद्ध व्यावसायिक उपयोग के लिए हॉल का निर्माण एवं शटर लगाये जाने तथा स्वीकृत के अतिरिक्त तल का निर्माण करने के कारण जोनल अधिकारी को मौके पर ही भवन सील करने हेतु निर्देशित किया गया। जोनल अधिकारी द्वारा प्रश्नगत भवन को तत्काल सील की कार्यवाही कराते हुए पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। भविष्य के लिए भी जोनल अधिकारी एवं प्रवर्तन दल को सत्त निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया उपरोक्त के साथ ही जोन-2 स्थित सारनाथ वार्ड में रिंग रोड के सापेक्ष अन्य गतिमान निर्माणों का भी निरीक्षण किया गया तथा गतिमान निर्माणों को रूकवाते हुए निर्माणकर्ताओं को मानचि.त्र स्वीकृत कराने के निर्देश दिये गये तथा जोनल अधिकारी के स्थल पर सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, जिससे चोरी-छिपे निर्माण न हो, निरिक्षण के दौरान सहायक अभियंता सिह संजीव कुमार,अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता व प्रवर्तन दल मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 24.09.2024

### व्यावसायिक शमन मानचित्र के आवेदन पर किया स्थल निरीक्षण



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा 23 सितम्बर को स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान संजय कुमार गुप्ता वार्ड सिकरौल मौजा सिकरौल परगना शिवपुर आराजी संख्या 829/2,825/1 Net Plot Area 447.0 SQM stilt plus 4th floor बहु आवासीय प्राप्त शमन मानचित्र तथा श्याम सुंदर पुत्र स्वर्गीय रामजीत सिंह अराजी संख्या 282,286,287 वार्ड सिकरौल मौजा-सिकरौल परगना-शिवपुर द्वारा प्राप्त व्यावसायिक शमन मानचित्र B+G, Net Plot Area 122.50 SQM, आवेदन के क्रम में स्थल निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अवर अभियंता सिकरौल वार्ड तथा भवन स्वामी उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन–दि0 24.09.2024

### वीडीए उपाध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण



वाराणसी (परफेक्ट मिशन)। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान संजय कुमार गुप्ता वार्ड सिकरौल मौजा सिकरौल परगना शिवपुर आराजी संख्या 829/2,825/1 नेट प्लाट एरिया 447.0 एसक्यूएम स्टील्ट प्लस 4 फ्लोर बहु आवासीय प्राप्त शमन मानचित्र तथा श्याम सुंदर पुत्र स्वर्गीय रामजीत सिंह अराजी संख्या 282,286,287 वार्ड सिकरौल मौज़ा-सिकरौल परगना-शिवपुर द्वारा प्राप्त व्यावसायिक शमन मानचित्र बी +जी, नेट प्लाट एरिया 122.50 एसक्यूएम, आवेदन के क्रम में स्थल निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अवर अभियंता सिकरौल वार्ड तथा भवन स्वामी उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 24.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण ने की सील की कार्यवाही

वाराणसी। उपाध्यक्ष द्वारा सोमवार को विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन.3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।

वाड.चौक में गोविन्द्रपुर कला में बादशाह अली द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था चौक वार्ड के सराय सिताब में इरशाद आलम द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे मौके पर सील कराते हुए चौक थाना की अभिरक्षा मे सौंप दिया गया।मौके पर संयुक्त सचिव परमानन्द यादवए जोनल अधिकारी श्री सौरभदेव प्रजापत्ति व अवर अभियंता श्री रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे।

उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 24.09.2024

### वीडीए की टीम ने अवैध निर्माण किया सील

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर सोमवार को विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन 3 की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही को अंजाम दिया।वार्ड.चौक में गोविन्द्रपुर कला में बादशाह अली द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था चौक वार्ड के सराय सिताब में इरशाद आलम द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे मौके पर सील कराते हुए चौक थाना की अभिरक्षा में सौंपदिया गया।



वीडीए के संयुक्त सचिव परमानंद यादव अवैध निर्माण को सील करवाते हुए

मौके पर संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, जोनल अधिकारी सौरभदेव प्रजापत्ति व अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।